पत्र सं0- एडी0कमि0(पुलिस)/पुलिस कर्मी अनुशासन/निर्देश/ 2021-22/ 28 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश
(पुलिस--कैम्प)
दिनांक::लखनऊ:: 13 अप्रैल,2021

समस्त
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)
<u>वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।</u>

यह तथ्य संज्ञान में आया है कि जोनों में तैनात/ सम्बद्ध पुलिस कर्मी प्राय: बिना अवकाश के प्रधानावास / ड्यूटी स्थल छोड़ देते है तथा कतिपय पुलिस कर्मी प्रधानावास या मुख्यालय पर न रहकर 100-200 कि0मी0 व इससे भी अधिक दूरी से प्रतिदिन ड्यूटी हेतु आवागमन करते है। यह कृत्य अत्यन्त आपत्तिजनक है एवं अनुशासनहीनता की परिधि में आता है।

उक्त से स्पष्ट है कि पुलिस कर्मियों की प्रत्येक माह ड्यूटी जिन निकट पर्यवेक्षण अधिकारियों के साथ लगाई जाती है। उन पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा पुलिस कर्मियों के ऊपर समुचित नियंत्रण नहीं रखा जा रहा है, जिससे पुलिस कर्मियों में अनुशासनहीनता की प्रवृति विकसित हो रही है। पुनश्च आपको यह भी अवगत कराना है कि पुलिस बल एक भली-भॉति प्रशिक्षित एवं अनुशासित बल है, ऐसे में इनके पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा इनकी कमियों को छिपाने और इनकी रिपोर्टिंग उच्च स्तर पर न करने के कारण इनकी कार्यक्षमता का हास होना अवश्यम्भवी है।

उपरोक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों को इस सम्बन्ध में स्पष्ट रूप से निर्देशित कर दें कि वह पुलिस कर्मियों के अनुशासन का विशेष ध्यान रखे और यदि किसी भी पुलिस कर्मी द्वारा ड्यूटी में लापरवाही/ अनुशासनहीनता बरती जाती है, तो उनकी रिपोर्टिंग तत्काल करते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें, जिससे उनके विरुद्ध प्रभावी आवश्यक कार्यवाही की जा सके। यदि किसी पुलिस कर्मी द्वारा बिना पूर्व अनुमति एवं अवकाश के प्रधानावास / मुख्यालय / ड्यूटी स्थल छोड़ा जाता है तथा उक्त अवधि में उनके द्वारा कोई घटना कारित की जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित कार्यालय / अधिकारी की होगी।

उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

श्री 2005
Dc (15)
15-4-21
222

(प्रकाश स्वरूप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
एडीशनल कमिश्नर(पुलिस), वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

<u>पृष्ठांकन पत्र संख्या: व दिनांक: उक्त।</u>

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को कमिश्नर महोदया के अवलोकनार्थ।
2- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ कि समय-समय पर पुलिस कर्मियों की तैनाती / कार्यस्थल पर इनकी उपस्थिति के सम्बन्ध में अपने पर्यवेक्षण में जांच कराने का कष्ट करें।
3- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

१३।४।२१

एडीशनल कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।